चल श्याम धणी के द्वार रंगीला फागुण आया है

चल श्याम धणी के द्वार रंगीला फागुण आया है,
वहा श्याम है लखदातार रंगीला फागुन आया है,

हाथ निशान उठा ले कर खाटू की तयारी,
सब भगतो को बुलाया अब आई है तेरी बारी,
मेरे श्याम की किरपा अपार रंगीला फागुन आया है,
चल श्याम धणी के द्वार रंगीला फागुण आया है,

रंग गुलाल उड़ा के जय जय कार लगा के
श्याम ध्वजा लेहरा के झूम झूम कर गाके,
कर तोरण द्वार तू पार रंगीला फागुन आया है,
चल श्याम धणी के द्वार रंगीला फागुण आया है,

नगरी श्यामधणी की हर फूलो से सजी है,
खाटू की गलियों में ऐसी ताने भजि है,
आकाश में रंग फुहार रंगीला फागुन आया है
चल श्याम धणी के द्वार रंगीला फागुण आया है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15026/title/chal-shyam-dhani-ke-dwar-rangeela-fagun-aaya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |